



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**सितम्बर-2025**

**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस-2025




- दिनांक 15.08.2025 : भारत के 79वें स्वतन्त्रता दिवस पर श्री आशुतोष पाण्डेय्, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर पुलिस रेडियो मुख्यालय पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगा" फहराया गया।

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उपस्थित सभी कार्मिकों को शपथ दिलाई गयी। श्री पाण्डेय् द्वारा पूरे प्रदेश में शान्ति व्यवस्था कायम रखने में, अपराध नियंत्रण में, अपराधियों की धरपकड़ में, दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के त्वरित चिकित्सीय सहायता प्रदान कराने में उत्कृष्ट एवं निर्बाध पुलिस संचार उपलब्ध कराये जाने हेतु रेडियो कार्मिकों द्वारा दिये जा रहे योगदान की प्रशंसा की गयी। मा0 प्रधान मंत्री, भारत के वर्ष 2047 तक आजादी के अमृत महोत्सव के लक्ष्य के दृष्टिगत आजादी के अमृत्य को बनाये रखने हेतु सभी कार्मिकों को अपने-अपने कार्य में दक्षता हेतु सजग, सतर्क, जागरूक रहते हुए निरन्तर परिश्रम कर अधिक से अधिक जानकारी रखने हेतु मार्गदर्शित किया गया। जनपदों के प्रत्येक थाने की आवश्यकता पड़ने पर, एक-दूसरे से आपस में सीधे वार्ता करने की सुविधा हो, वे इस हेतु स्वतन्त्र हों, नवीन तकनीक का प्रयोग कर उक्त को क्रियान्वित कराये जाने हेतु विभागीय अधिकारियों/कार्मिकों को प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया।

श्री पाण्डेय् द्वारा देश के विकास एवं भारत की स्वतन्त्रता को और भी मजबूत बनाये जाने हेतु मा0 प्रधान मंत्री, भारत, केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित "जे0ए0एम0 ट्रिनिटी (जनधन, आधार एवं मोबाइल)" योजना के उद्देश्य, महत्व एवं लाभ के बारे में अवगत कराते हुए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप वर्तमान में प्रचलित विभागीय प्रणाली यथा ई-आफिस, मानव सम्पदा, इन्वेंट्री मैनेजमेण्ट एवं वायरलेस टेक्नालॉजी का भरपूर उपयोग किये जाने पर बल दिया गया। विभागीय कार्यों को अधिक से अधिक पेपरलेस किये जाने पर भी बल दिया गया।

श्री पाण्डेय् द्वारा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों को स्वीकृत किये गये विभिन्न पदकों एवं कमेण्डेशन डिस्क प्रदान किये गये।

## स्वतन्त्रता दिवस-2022 पर पुलिस पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक

### राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा हेतु पुलिस पदक



श्री प्रदीप कुमार
सहायक रेडियो अधिकारी, झाँसी



श्री इनामुल हक
पुलिस उपाधीक्षक, गोपनीय,रेडियो मुख्यालय



श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय
पुलिस निरीक्षक, लेखा



श्री आदर्श कुमार दीक्षित
रेडियो उपनिरीक्षक, कानपुर नगर

### पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का सिल्वर प्रशंसा चिन्ह



श्री संजय कुमार
रेडियो निरीक्षक, रेडियो मुख्यालय



श्री राज कुमार प्रजापति
रेडियो निरीक्षक, हमीरपुर



श्री राम इकबाल सिंह यादव
रेडियो निरीक्षक, हाईकोर्ट, लखनऊ



श्री वर्मा गोपालजी महोदव प्रसाद
रेडियो उपनिरीक्षक, 10वीं वाहिनी पीएसी



श्री अजय कुमार सोनकर
रेडियो उपनिरीक्षक, रेडियो मुख्यालय



श्री अली अब्बास जाफरी
प्रधान परिचालक, रेडियो मुख्यालय

## सराहनीय कार्य

- निम्न महानुभावों के भ्रमण हेतु फ्लीट एवं अन्य स्थलों से निर्बाध संचार संचालन हेतु आधुनिक तकनीकी के डिजिटल वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन, ग्रिड अनुशासन का पालन करते हुए एवं अन्य केन्द्रों से भी इसका पालन कराते हुए रीयल टाइम में सूचनाओं का त्वरित एवं स्पष्टतापूर्वक प्रेषण करते हुए प्रत्येक गतिविधि को प्रारम्भ से अन्त तक पूर्ण जिम्मेदारी एवं दक्षता से कुशलतापूर्वक निष्पादित किया गया-

| मा0 प्रधानमंत्री, भारत | | |
|---|---|---|
| क्र0 | दिनांक | जनपद |
| 1 | 02.08.2025 | वाराणसी |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | | |
| 2 | 01/02.08.2025 | वाराणसी |
| 3 | 04/05.08.2025 | अयोध्या, बस्ती, कुशीनगर, गोरखपुर |
| 4 | 16/20.08.2025 | आगरा |
| 5 | 25/26.08.2025 | अम्बेडकरनगर, गोरखपुर |
| मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | | |
| 6 | 05.08.2025 | आगरा, अलीगढ़, औरेया, मेरठ |
| 7 | 06/07.08.2025 | मुरादाबाद, सम्भल, बरेली |
| 8 | 21.08.2025 | आगरा, अलीगढ़, एटा |
| 9 | 23/24.08.2025 | गोरखपुर |
| 10 | 25/26.08.2025 | अम्बेडकरनगर, गोरखपुर |
| 11 | 27/28.08.2025 | झाँसी, ललितपुर |
| 12 | 29.08.2025 | वाराणसी, प्रतापगढ़ |
| 13 | 30.08.2025 | गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद |

## सम्मान

- दिनांक 23.07.2025 कमिश्नरेट गाजियाबाद: कॉवड़ यात्रा-2025 तथा महाशिवरात्रि के त्यौहार पर दूधेश्वरनाथ मन्दिर एवं अन्य शिवालयों में शिवभक्तों की बड़ी भीड़ द्वारा किये जाने वाले जलाभिषेक जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु उत्कृष्ट एवं निर्बाध पुलिस संचार की स्थापना के लिए श्री जे0 रविन्दर गौड़, पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा श्री ऐशपाल, सहायक रेडियो अधिकारी, कमिश्नरेट गाजियाबाद की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।
- दिनांक 07.08.2025 जनपद मुज़फ्फरनगर: कांवड़ यात्रा का सकुशल सम्पन्न कराने में उत्कृष्ट एवं निर्बाध पुलिस संचार उपलब्ध कराये जाने हेतु श्री राजन अनेजा,रेडियो निरीक्षक, मुजफ्फरनगर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर द्वारा प्रशस्ति पत्र व सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया।



- दिनांक 11.08.2025 कमिश्नरेट प्रयागराज: पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज में नियुक्त कार्मिकों को उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्य हेतु निम्नानुसार नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है- 1. श्री नीरज कुमार, रेडियो निरीक्षक-₹ 12,500, 2. श्री अरूण कुमार सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक-₹ 3,000, 3. श्री गुमान सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक-₹ 2,000, एवं 4. श्री अजय कुमार सिंह, प्रधान परिचालक-₹ 3,000

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/डीजी-01/2025 दिनांक 19.08.2025 द्वारा कार्मिक शाखा को भंग किये जाने के फलस्वरूप कार्मिक शाखा एवं आई0टी0 सेल में नियुक्त कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार नियुक्त किया गया है-1. श्री आशुतोष त्रिपाठी, रेडियो उपनिरीक्षक, 2. श्रीमती पुष्पा गरिया, प्रधान परिचालक, 3. श्रीमती अनुपमा यादव, प्रधान परिचालक, 4. श्रीमती नेहा सक्सेना, प्रधान परिचालक, 5. श्री राम बैरिस्टर, संदेशवाहक, 6. श्री मनोज कुमार, संदेशवाहक, 7. श्री मनीष पाण्डेय, संदेशवाहक, 8. श्री मुकेश कुमार, संदेशवाहक (सभी कार्मिक शाखा से प्रशिक्षण केन्द्र), 9. श्रीमती दिव्या अग्निहोत्री, प्रधान परिचालक, 10. श्री कृष्ण कुमार , आरक्षी पीएसी (प्रतिसार शाखा से प्रशिक्षण केन्द्र) एवं 11. श्री दिलीप कुमार तिवारी, ओपी (आई0टी0 सेल से प्रतिसार शाखा)

- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/डीजी-01/2025 दिनांक 19.08.2025 द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के सर्विस सम्बन्धी डाटा, मानव सम्पदा पोर्टल पर सदैव अद्यतन रखने एवं ई-आफिस सम्बन्धी कार्यों/पत्राचार के साथ-साथ आई0टी0 सेल के कार्यों के समयबद्ध सम्पादन हेतु मुख्यालय में एक "Digital Portal Cell" का गठन किया है जो सीधे पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। वर्तमान में प्रचलित कार्मिक सेल को भंग करते हुए नवगठित "Digital Portal Cell" में निम्नलिखित कार्मिकों की तत्काल प्रभाव से नियुक्त की गयी है, जो आई0टी0 सेल कक्ष में संचालित होगा- 1. सुश्री अलका बाजपेई, रेडियो निरीक्षक, 2. श्री अजय कुमार सोनकर, रेडियो उपनिरीक्षक, 3. श्री अर्पण सिंह, सहायक परिचालक, 4. श्री अमोल शुक्ला, सहायक परिचालक एवं 5. श्री सुनील कुमार, श्रमिक।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/डीजी-01/2025 दिनांक 22.08.2025 द्वारा कार्मिक शाखा को भंग किये जाने सम्बन्धी समसंख्यक आदेश दिनांक 19.08.2025 के क्रम में, पीएफ सेल में नियुक्त श्रीमती सरिता सिंह, प्रधान परिचालक को तत्काल प्रभाव से प्रशिक्षण केन्द्र, रेडियो मुख्यालय में नियुक्त किया गया है।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/डीजी-01/2025 दिनांक 22.08.2025 द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित सहायक परिचालकों एवं कर्मशाला कर्मचारियों के निकट भविष्य में प्रशिक्षण एवं उनके सुव्यवस्थित संचालन की आवश्यकता के दृष्टिगत मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से कार्मिकों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार प्रशिक्षण केन्द्र की गयी है- 1. श्री राम कृपाल, रेडियो उपनिरीक्षक, 2. श्रीमती अनीता, प्रधान परिचालक (कार्यालय उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, मुख्यालय), 3. श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव, प्रधान परिचालक, 4. सुश्री एमन खान, प्रधान परिचालक (आंकिक शाखा), 5. श्री राहुल द्विवेदी, रेडियो उपनिरीक्षक, 6. श्री संतोष कुमार, प्रधान परिचालक यात्रिंक, 7. श्री गौरव कुमार कटियार, प्रधान परिचालक, 8. श्री प्रदीप कुमार वर्मा, प्रधान परिचालक (कार्यालय राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन), 9. श्री अखिलेश कुमार पाठक, रेडियो उपनिरीक्षक, 10. श्री राज किशोर वर्मा, प्रधान परिचालक, 11. श्री रवि प्रकाश, प्रधान परिचालक, 12. श्रीमती नीरज वर्मा, प्रधान परिचालक (कार्यालय सहायक रेडियो अधिकारी, कार्मिक), 13. श्री अनिल कुमार चौधरी, प्रधान परिचालक, 14. श्रीमती ऊषा देवी, प्रधान परिचालक, 15. श्रीमती वन्दना सिंह, प्रधान परिचालक (कार्यालय सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन), 16. श्री आशीष गुप्ता, रेडियो उपनिरीक्षक, 17. श्रीमती सविता उपाध्याय, प्रधान परिचालक (आर0टी0आई0 सेल), 18. श्री अवेधश कुमार राजपूत, प्रधान परिचालक, सम्बद्ध आपरेशन शाखा से कार्यालय रेडियो निरीक्षक, आपरेशन।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/डीजी-01/2025 दिनांक 26.08.2025 द्वारा प्रदेश की संचार व्यवस्था को उच्चकोटि का बनाये रखने के दृष्टिगत रेडियो मुख्यालय, लखनऊ में उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार के पद पर नियुक्त अधिकारियों को निम्नानुसार उत्तरदायित्व सौंपे गये हैं- 1. श्रीमती अंजुल गंगवार, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार-उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, पश्चिमी जोन (मेरठ/आगरा/कानपुर/बरेली) की संचार व्यवस्था का पर्यवेक्षण कार्य एवं 2. श्री रवीन्द्र सिंह, उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार -उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, पूर्वी जोन (गोरखपुर/ वाराणसी /लखनऊ/प्रयागराज) जोन की संचार व्यवस्था का पर्यवेक्षण कार्य।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण के आदेश संख्या: एआरओ-टीआरजी-14/25 दिनांक 23.08.2025 द्वारा सीधी भर्ती से चयनित रेडियो कार्मिकों के आधारभूत प्रशिक्षण हेतु इण्डोर प्रशिक्षकों को दिनांक 25.08.2025 से एक सप्ताह का "Trainers Course" कराये जाने हेतु कुल 12 रेडियो उपनिरीक्षकों को निम्नानुसार नामित किया गया है- 1. श्री विजय प्रताप यादव, 2. श्री आशीष गुप्ता, 3. श्री अखिलेश कुमार पाठक, 4. श्री आशुतोष त्रिपाठी (रेडियो मुख्यालय), 5. श्री रंजन प्रसाद, 6. श्री गिरिराज सिंह, (वाराणसी), 7. श्री गजेन्द्र सिंह कटारिया, सम्भल, 8. श्री तेज पाल सिंह, बिजनौर, 9. श्री अनुज कुमार सहल, मेरठ, 10. श्री राजेश कुमार, रामपुर, 11. कौशिक संजीव रामानन्द, मुरादाबाद एवं 12. श्री देवकी नन्दन, कन्नौज।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: सीए/डीजी-01/2025 दिनांक 26.08.2025 द्वारा मुख्यालय की कार्मिक शाखा के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने हेतु मुख्यालय में नियुक्त सहायक रेडियो अधिकारियों को उनके कार्यों के अतिरिक्त निम्नानुसार उत्तरदायित्व सौंपे गये हैं- 1. श्री शिवम सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी, लखनऊ परिक्षेत्र/प्रशिक्षण-उक्त के साथ-साथ प्रधान लिपिक शाखा का पर्यवेक्षण कार्य, 2. श्री नीरज कुमार, सहायक रेडियो अधिकारी, ऑपरेशन-ऑपरेशन शाखा के पर्यवेक्षण एवं स्टाफ आफीसर के उत्तरदायित्वों के साथ-साथ विधि एवं सूचना प्रकोष्ठ का पर्यवेक्षण कार्य।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्या: एम-242-2023(मिस 0) दिनांक 27.08.2025 द्वारा रेडियो मुख्यालय एवं प्रदेश के जनपद/इकाई में कार्यरत समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा उपार्जित अवकाश सम्बन्धी प्रार्थना पत्र अपने पर्यवेक्षणाधीन अधिकारी के माध्यम से संस्तुति के पश्चात सहायक रेडियो अधिकारी, कार्मिक, पुलिस रेडियो मुख्यालय को प्रेषित किये जायेंगे। ऐसे सभी आवेदन पत्र सहायक रेडियो अधिकारी, कार्मिक द्वारा पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार को सन्दर्भित किये जायेंगे जिसे विचारोपरान्त स्वीकृत किया जायेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण के आदेश संख्या: एआरओ-टीआरजी-14/25 दिनांक 27.08.2025 द्वारा सीधी भर्ती से कर्मशाला कर्मचारी पद पर नवचयनित अभ्यर्थियों के उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 01.09.2025 से प्रारम्भ होने वाले आधारभूत प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं के भावनात्मक स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण की अध्यक्षता में निम्नानुसार "कुशल क्षेम" (Well Being)/कल्याण समिति का गठन किया गया है- प्रथम टोली- श्री संजय कुमार सरकार, रेडियो निरीक्षक (सदस्य), श्री जुग्गी लाल, रेडियो उपनिरीक्षक एवं श्री संतोष प्रकाश पाण्डेय, प्रधान परिचालक (सह सदस्य), 2. द्वितीय टोली- श्री दिव्य प्रकाश मिश्र, रेडियो निरीक्षक (सदस्य), श्री अजीत श्रीवास्तव, रेडियो उपनिरीक्षक एवं श्री अरविन्द वर्मा, प्रधान परिचालक (सह सदस्य), 3. तृतीय टोली- श्री योगेन्द्र सिंह, रेडियो निरीक्षक (सदस्य), श्री मुकेश कुमार, प्रधान परिचालक एवं श्री बृजेश कुमार, प्रधान परिचालक (सह सदस्य) एवं 4. चतुर्थ टोली- श्रीमती पिंकी कुमारी , रेडियो निरीक्षक (सदस्य), श्रीमती तनिष्का, प्रधान परिचालक एवं श्रीमती विनीता, प्रधान परिचालक (सह सदस्य),

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अगस्त-2025 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 14 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी- 1. श्री सुभाष चन्द्र यादव, रेडियो निरीक्षक, बलिया, 2. श्री नत्थू सिंह, रेडियो निरीक्षक, हापुड़, 3. श्री ओम प्रकाश, रेडियो उपनिरीक्षक, रेडियो मुख्यालय, 4. श्री मुकेश कुमार मिश्रा, रेडियो उपनिरीक्षक, कन्नौज, 5. श्री मुकेश नारायण, रेडियो उपनिरीक्षक, रायबरेली, 6. श्री मो0 आदिल बेग, रेडियो उपनिरीक्षक, लखनऊ, 7. श्री रमेश चन्द्र राजपूत, रेडियो उपनिरीक्षक, गौतमबुद्धनगर, 8. श्री अरूण कुमार, रेडियो उपनिरीक्षक, सहारनपुर, 9. श्री श्री उमा शंकर, रेडियो उपनिरीक्षक, एटा, 10. श्री हरिबन्श सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक, देवरिया, 11. श्री शत्रुघन सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक, बांदा, 12. श्री अशोक कुमार, प्रधान परिचालक, कानपुर नगर, 13. श्री विनोद कुमार सिंह, कर्मशाला कर्मचारी, बलरामपुर, 14. श्री नन्द लाल शर्मा, संदेशवाहक, रेडियो मुख्यालय।

## सम्मान

- मुख्यालय से किये जाने वाले समस्त पत्राचार ई-आफिस के माध्यम से ही सम्पादित कराये जाने हेतु दिनांक 04.07.2025 से ई-आफिस प्रणाली प्रचलन में है। इस प्रणाली के अन्तर्गत मुख्यालय के बाहर से एवं मुख्यालय की समस्त डाक के एकत्रीकरण हेतु मुख्यालय पर नवसृजित "C.R.U. (Certral Receipt Unit)" द्वारा निरन्तर निर्दिष्ट कार्यों को प्रभावी रूप से सम्पादित किया जा रहा है। "C.R.U." में नियुक्त कार्मिकों द्वारा दिये जा रहे इस अप्रतिम योगदान की प्रशंसा करते हुए पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा निम्न कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया- 1. श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, रेडियो उपनिरीक्षक, 2. श्रीमती ताजवर दरख्शॉ, प्रधान परिचालक, 3. श्रीमती दिव्या बाजपेई, प्रधान परिचालक, 4. श्रीमती सीमा यादव, प्रधान परिचालक, 5. श्रीमती कंचन झा, प्रधान परिचालक एवं 6. श्रीमती सरिता त्रिपाठी, सहायक परिचालक।








## खेलकूद

- जनपद मुरादाबाद में सम्पन्न अन्तर जोनल बैडमिंटन कलस्टर प्रतियोगिता में रेडियो जोन की पॉच सदस्यीय टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें राजपत्रित एवं अराजपत्रित श्रेणी की प्रतियोगिता में निम्नानुसार 16 पदक अर्जित किये गये-

| क्र0 | श्रेणी | पदनाम | नाम | प्रतियोगिता | पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजपत्रित | ARO | अशोक कुमार | डबल टी0टी0 (50+) | स्वर्ण |
| 2 | | | | सिंगल टी0टी0 (40+) | स्वर्ण |
| 3 | | | | सिंगल टी0टी0 (50+) | स्वर्ण |
| 4 | | | | ओपेन सिंगल टी0टी0 | स्वर्ण |
| 5 | | | | डबल टी0टी0 (40+) | रजत |
| 6 | | | | सिंगल बैडमिंटन (50+) | रजत |
| 7 | | | | सिंगल बैडमिंटन (55+) | रजत |
| 8 | | | | डबल बैडमिंटन (55+) | रजत |
| 9 | | | | डबल बैडमिंटन (50+) | कांस्य |
| 10 | | | | सिंगल बैडमिंटन (45+) | कांस्य |
| 11 | | | | डबल बैडमिंटन (45+) | कांस्य |
| 12 | | | | ओपेन डबल बैडमिंटन | कांस्य |
| 13 | अराजपत्रित | ARO | अशोक कुमार | डबल बैडमिंटन (50+) | कांस्य |
| 14 | | | | मिक्स डबल बैडमिंटन (50+) | कांस्य |
| 15 | | RI | नागेन्द्र सिंह राठौर | मिक्स डबल टी0टी0 (50+) | स्वर्ण |
| 16 | | | | मिक्स डबल टी0टी0 (45+) | कांस्य |

## श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जीवनी पर काव्य गोष्टी का आयोजन

- रेडियो मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में दिनांक 16.08.2025 को श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी की जीवनी पर काव्य गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें श्री बाजपेयी की जीवनी पर रेडियो कार्मिकों द्वारा काव्य गोष्ठी में अपने-अपने विचार रखे गये। उक्त गोष्ठी में श्री एस0पी0 सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, श्री राजेन्द्र कुमार, राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण, श्री शिवम सिंह, सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण, श्री स्वतन्त्र गिरि, रेडियो निरीक्षक, प्रशिक्षण के अतिरिक्त मुख्यालय की सभी शाखाओं का प्रतिबिम्ब रहा। ज्ञातव्य हो कि श्री अटल बिहारी बाजपेयी भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं एवं उन्हें "भारत रत्न" से विभूषित किया गया है।






## श्री कृष्ण जन्माष्टमी-2025

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व दिनांक 16.08.2022 को परम्परागत सादगी व उल्लास से उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र पर मनाया गया। इस पर्व पर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0, श्री आशुतोष पाण्डेय एवं अन्य अधिकारीगण सपरिवार उपस्थित रहे साथ ही पुलिस रेडियो परिवार के सदस्य एवं जनमानस द्वारा झॉकी दर्शन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुलिस रेडियो परिवार के बच्चों एवं स्टाफ द्वारा अपनी प्रतिभाशाली प्रस्तुतियाँ दी गयीं।



लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0
डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, रेडियो उपनिरीक्षक